# स्नातक उपाधि कार्यक्रम

## ( सामान्य ) ( बी. ए. जी. )

## सत्रांत परीक्षा

## दिसम्बर, 2024

## बी.एच.डी.ई.–141 : अस्मितामूलक विमर्श और हिन्दी साहित्य

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

***नोट : प्रथम*** *प्रश्न अनिवार्य है। शेष में से किन्हीं* **चार** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

1. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 3×12=36

(अ) मानव काया में हृदय नाम की जो वस्तु है, पग-पग पर उसे ठेस क्यों लगती है ? भावुक हृदय के स्वप्नों के महल ढहते से क्यों प्रतीत होते हैं ?



Downloaded from www.IGNOUBABA.com

विवाह की मुग्ध कल्पना वास्तविकता की भीषणता से टकराकर छिन्न-भिन्न बिखरती-सी क्यों लगी ?

(ब) "जरूर ही ये तुम्हारे खुद के रचे हुए हैं तमाम पाखंड।
दयालु प्रभु के विधान क्या कभी भी ऐसे कड़े रहेंगे ?
ये ऊँचेपन के गुरूर कब तक तुम्हारे दिल में भरे रहेंगे ?
इन्हीं की हस्ती मिटाने वालों, मिटोगे आखिर इन्हीं के आगे।"

(स) "तनवा पै हमरे तो, फटहा बसनवा बा
ओढ़ना के नाहीं दरकार।
जड़वा कइ राति मोरी किकुरी लगाइ बीते,
कउड़ा है जीवन अधार"



Downloaded from www.IGNOUBABA.com

(द) "थी तो केवल

हथेली पर खिंची

श्रम की रेखाएँ

जिन्हें सुविधा के अभाव में

कभी जाँच न सका।"

(य) लड़कियाँ हवा, धूप, मिट्टी होती हैं

उनका कोई घर नहीं होता।

जिनका कोई घर नहीं होता

उनकी होती है भला कौन-सी जगह ?

कौन-सी जगह होती है ऐसी

जो छूट जाने पर औरत हो जाती है।

(र) "मैं स्मृतियों की पगडंडी पर सँभाल-सँभालकर कदम रख रही हूँ। कभी आँचल झाड़ियों में उलझता है, कभी पैरों में नुकीले पत्थर चुभते हैं ............ कभी सामने काहर के बादल



Downloaded from www.IGNOUBABA.com

.......... सामने कुछ भी नहीं दिखाई पड़ता है ............
और कभी पैरों के नीचे ठंडी ओस की बूँदें, मुझे
मेरे आँसुओं की याद दिलाती हुई।"

2. दलित चिंतन के विकास में डॉ. अम्बेडकर के योगदान का मूल्यांकन कीजिए। 16

3. स्त्री विमर्श का अर्थ और स्वरूप स्पष्ट करते हुए स्त्री विमर्श के उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए। 16

4. आदिवासी साहित्य की अवधारणा पर निबंध लिखिए। 16

5. 'सलाम' कहानी की मूल संवेदना को स्पष्ट कीजिए। 16

6. 'सीमारेखा' कविता की अन्तर्वस्तु का विवेचन कीजिए। 16

7. निर्मला पुतुल अपनी कविता 'उतनी दूर मत ब्याहना बाबा' के माध्यम से आदिवासियों के किन मुद्दों को उठाती हैं ? 16



Downloaded from www.IGNOUBABA.com

8. मुर्दहिया की संरचनागत विशिष्टता पर निबंध लिखिए। 16

9. "आर्थिक स्वतंत्रता और आत्म-निर्भरता हेतु स्त्रियों के लिए सम्पत्ति के उत्तराधिकार का सवाल महत्वपूर्ण है।" महादेवी वर्मा के पठित निबंध के आधार पर इस कथन का विवेचन कीजिए। 16

× × × × × × ×



Downloaded from www.IGNOUBABA.com